कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@rajasthan.gov.in वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656355-7 Fax 021-2612086

कमांक / बैठक / 2017 / 1183 दिनांक :: 24.11.2017

बैठक कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में उनके कक्ष में दिनांक 15 नवम्बर, 2017 को सांय 4.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर उपलब्ध है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निम्नलिखित अनुसार निर्णय लिये गये:–

प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 8 सितम्बर, 2017 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि

गत बैठक दिनांक 8 सितम्बर, 2017 का कार्यवाही विवरण जारी किया जाकर सभी को प्रेषित किया जा चुका है। अतः कार्यकारी समिति की गत बैठक दिनांक 8 सितम्बर, 2017 का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 8 सितम्बर, 2017 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 2 :: जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद को जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर कमोन्नयन करवाने बाबत।

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर में वर्तमान में जनसम्पर्क शाखा में मात्र सहायक जनसम्पर्क अधिकारी का एक ही पद सृजित है, जो पूर्व में नगर सुधार न्यास के अस्तित्व के दौरान सृजित हुआ था एवं तत्कालीन समय से ही अस्तित्व में है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण के गठन के बाद न तो सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद की संख्या में कोई वृद्धि हुई है एवं न ही जनसम्पर्क अधिकारी का नवीन पद सृजित हुआ है। जोधपुर विकास प्राधिकरण के गठन के बाद प्राधिकरण की जनसम्पर्क शाखा के द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्यों में भी काफी वृद्धि हुई है एवं इसका कार्य क्षैत्र भी बढा है एवं बहुत से नए कार्य भी जनसम्पर्क शाखा में जुडे है। वर्तमान में जोधपुर विकास प्राधिकरण के कार्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए एक सशक्त एवं सुगठित जनसम्पर्क शाखा की आवश्यकता है साथ ही जनसम्पर्क अधिकारी की अति आवश्यकता है ताकि सक्षम स्तर से जनसम्पर्क शाखा द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्यों का प्रभावी सम्पदन करवाया जा सके।

वर्तमान में प्राधिकरण की जनसम्पर्क शाखा में मात्र सहायक जनसम्पर्क अधिकारी का एक ही पद सृजित है, जो प्राधिकरण की जनसम्पर्क शाखा द्वारा वर्तमान में सम्पादित किए जाने

24.11.17

वाले कार्यों के मद्देनजर पर्याप्त प्रतीत नहीं हो रहा है फलतय एवं जनसम्पर्क अधिकारी की आवश्यकता है।

इस संबंध में जोधपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारी (भर्ती एवं सामान्य शर्तें) विनियम, 2014 की अनुसूची संख्या XI की क्रम संख्या एक पर जनसम्पर्क अधिकारी का पद शामिल है। प्राधिकरण के सेवानियमों में जनसम्पर्क अधिकारी का पद सम्मिलित करते हुए प्राधिकरण द्वारा इसका गजट नोटिफिकेशन भी करवाया जा चुका है। इस तरह प्राधिकरण में जनसम्पर्क अधिकारी का नवीन पद विधितः सृजित किया जा सकता है।

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद से आगे जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर पदोन्नति किए जाने का चैनल, जोधपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारी (भर्ती एवं सामान्य शर्तें) विनियम, 2014 की अनुसूची संख्या XI की क्रम संख्या एक पर प्रावधानित है। जोधपुर विकास प्राधिकरण में वर्तमान में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर डॉ. ललित कुमार मतनानी नियुक्त एवं कार्यरत है। संयुक्त शासन सचिव–तृतीय नगरीय विकास विभाग द्वारा पत्र क्रमांक प.1(39)नविवि/५/2009 दिनांक 9/10/2013 प्रेषित कर "जोधपुर विकास प्राधिकरण जनसम्पर्क अधिकारी के पद को पहले सेवानियमों में सम्मिलित कराते हुए प्राधिकरण की गवर्निंग बॉडी से अनुमोदन प्राप्त कर प्रस्ताव भिजवायें।"

उक्त आधारों एवं कारणों के आधार पर जोधपुर विकास प्राधिकरण में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद को जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर क्रमोन्नयन करवाने हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के पद को जनसम्पर्क अधिकारी के पद में क्रमोन्नत करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि चूंकि यह प्रकरण गवर्निंग बॉडी का अनुमोदन होना है। अतः प्रकरण प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे तत्पश्चात् पद क्रमोन्नत हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाया जावे।

प्रस्ताव संख्या 3 :: मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के अन्तर्गत ग्राम तनावड़ा द्वितीय चरण ग्राम चौखा के लॉटरी दिनांक 04.10.2017 के अनुमोदन हेतु।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के अन्तर्गत जोधपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा ग्राम तनावडा द्वितीय चरण व ग्राम चौखा में आर्थिक दृष्टि से कमजोर तथा अल्प आय वर्ग के आवास आवंटन हेतु नियमानुसार आवासीय योजना प्रस्तावित की गई थी, तनावडा द्वितीय में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के आवासों की संख्या 512 जिसमें आवेदन प्राप्त हुए 681 व अल्प आय वर्ग के आवासों की संख्या 320 जिसमें आवेदन प्राप्त हुए 306, इसी प्रकार चौखा योजना में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के आवासों की संख्या 467 जिसमें आवेदन प्राप्त हुए 738 व अल्प आय वर्ग के आवासों की संख्या 320 जिसमें आवेदन प्राप्त हुए 607 उक्त प्राप्त आवेदनों की जॉच हेतु कार्यालय आदेश कमांक जेडीए/उपायुक्त मुख्यालय/2017/29/दिनांक 21.08.2017 को कमेटी का गठन किया गया था,उक्त कमेटी की जॉच उपरान्त श्रीमान् जिला क्लेक्टर महोदय को कार्यालय पत्र कमांक 39 से 40 दिनांक 27.09.2017 को जारी कर अपना प्रतिनिधी मनोनित करने का लिखा गया था। श्रीमान् जिला क्लेक्टर के प्रतिनिधी की उपस्थिति में दिनांक 04.10.2017 को प्राधिकरण प्रांगण में गणमान्नीय व जनता के बीच कम्प्यूटराइज्ड लॉटरी निकाली गई थी। उक्त लॉटरी का अनुमोदन हेतु कार्यकारी समिति की बैठक में प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

24.11.17

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री जन आवास योजना – 2015 अन्तर्गत ग्राम तनावडा फेज द्वितीय, ग्राम चौखा की लॉटरी दिनांक 4 अक्टूबर, 2017 का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 4 :: प्राधिकरण की गंगा विहार आवासीय योजना ग्राम झालामण्ड खसरा नं. 707 व 847 की लॉटरी दिनांक 4.10.2017 के आवंटन का अनुमोदन हेतु।

ग्राम झालामण्ड के खसरा संख्या 707 व 847 में प्राधिकरण की गंगा विहार आवासीय योजना लांच करने बाबत्, कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 15/03/2017 में प्रस्ताव संख्या 19 के अनुसार लांच करने का निर्णय लिया गया था, जिसमें विभिन्न वर्गों के कुल 712 आवेदन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1 आवेदन में आवेदक द्वारा रिफण्ड हेतु प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुआ व जांच कमेटी द्वारा 31 आवेदन निरस्त योग्य पाये गये।

इस प्रकार 712 आवेदनों में से 32 आवेदन लॉटरी में सम्मिलित नहीं किये गये। शेष 680 आवेदन लॉटरी के योग्य आवेदनों से 172 भूखण्डों की लॉटरी दिनांक 04/10/2017 को निकाली गई थी।

अतः उक्त योजना की लॉटरी दिनांक 04/10/17 के अनुमोदन हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 5 :: निदेशक (रा.प.) ऑयल इण्डिया लिमिटेड जोधपुर को ग्राम जोधपुर के खसरा नं0 677 में आवासीय भूमि आवंटन करने बाबत।

श्री एस.सी. मिश्र, कार्यकारी निदेशक (रा.प.), ऑयल इण्डिया लिमिटेड, जोधपुर द्वारा भू–आवंटन नीति–2015 के तहत निर्धारित प्रपत्र–स में आवेदन–पत्र पेश कर न्यायिक अकादमी के पास, झालामण्ड में आवासीय व्यवस्था हेतु 40000–41000 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने हेतु निवेदन किया है।

उक्त आवेदित भूमि का खसरा संख्या 677, किस्म गै.मु. आबादी में वर्तमान में रकबा 9–06 बीघा यानि 18004.8 वर्गगज भूमि उपलब्ध है। आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूमि का मास्टर प्लान 2031 में भू–उपयोग आवासीय एवं उत्तर दिशा का भाग सरकारी एवं अर्द्ध–सरकारी प्रयोजनार्थ आरक्षित है।

प्राधिकरण की पूर्वी जोन के पटवारी की रिपोर्ट दिनांक 05/10/2017 के अनुसार ग्राम जोधपुर के खसरा संख्या 677 में प्राधिकरण के खाते में दर्ज भूमि अनुसार मौके पर केवल 9–06 बीघा भूमि, किस्म गै.मु. आबादी मौके पर मेघवाल समाज छात्रावास के पीछे व निगम बस डिपो के पास उपलब्ध है। मौके पर उक्त भूमि रिक्त है।

24.11.17

अतः ग्राम जोधपुर के खसरा संख्या 677 में उपलब्ध 9–06 बीघा यानि 18004.8 वर्गगज भूमि ऑयल इण्डिया लिमिटेड, जोधपुर को आवंटन किये जाने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावा अनुसार ग्राम जोधपुर के खसरा संख्या 677 में उपलब्ध 18,004.8 वर्ग गज भूमि ऑयल इण्डिया लिमिटेड को आवासीय व्यवस्था हेतु भूमि आवंटन करने के कम में केन्द्र सरकार के विभागों को आवंटित की जाने वाली भूमि की दर निर्धारित हेतु संभागीय आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति से आवंटित की जाने वाली भूमि की दर निर्धारित करवाकर प्रकरण में भूमि आवंटन की सक्षम स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त करने हेतु प्रकरण राज्य सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 6 :: अरणा विहार योजना में भूखण्ड आवंटन करने के कम में आवेदक श्री विक्की मितल पुत्र श्री कैलाश मितल

श्री विक्की मित्तल पुत्र श्री कैलाश चन्द्र द्वारा अरणा विहार आवासीय योजना में आवासीय भूखण्ड हेतु 4.5X9 मी =40.5 वर्ग मी. के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी द्वारा भूखण्ड आवेदन के सलग्न 5000/– धरोहर राशि जमा करवाई थी।

प्रार्थी को लॉटरी द्वारा भूखण्ड संख्या सी 309 4.5X9 मी =40.5 साईज का भूखण्ड आवंटन हुआ, प्रार्थी से प्राधिकरण पत्रांक 812 दिनांक 20.04.2016 अधिस्वीकृत पत्राकार होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु पत्र भिजवाया गया, तत्पश्चात् दिनांक 04.11.2016 को अन्तिम नोटिस भी भिजवाया गया किन्तु प्रार्थी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया था।

प्रार्थी द्वारा दिनांक 13.09.2017 को एक प्रार्थना पत्र के संलग्न अधिस्वीकृत पत्रकार का प्रमाण पत्र की फोटो प्रति प्रस्तुत की है, जो लगभग 1 वर्ष 5 माह पश्चात् उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत किये है, अतः उपरोक्त भूखण्ड को निरस्त करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निर्णायार्थ एंव विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रार्थी श्री विक्की मित्तल द्वारा दिनांक 16 जनवरी, 2016 को अरणा विहार योजना में भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन किया गया था। परन्तु अनेको निर्देश दिये जाने के पश्चात् भी आवेदक द्वारा ऐसा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया जो यह साबित करता हो कि वक्त आवेदन आवेदक अधिस्वीकृत पत्रकार थे। इस संबंध में प्रार्थी द्वारा जो दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है उसकी वैधता दिनांक 15 नवम्बर, 2015 तक ही है। अतः प्रार्थी को किया गया भूखण्ड आवंटन निरस्त किया जाता है।

प्रस्ताव संख्या 7 :: भूखण्ड संख्या 267 सेक्टर–ई राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले भूखण्ड आवंटन करने बाबत।

प्रार्थी श्री मोहम्मद रफीक पुत्र श्री लाल मोहम्मद को लॉटरी दिनांक 15.02.2010 को भूखण्ड संख्या 267 सेक्टर–'ई' राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा में आवंटन किया गया था । प्रार्थी द्वारा भूखण्ड की राशि जमा करवा कर लीजडीड दिनांक 08.06.2010 को प्राप्त कर

24.11.17

पंजीयन करवा ली गई । प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवंटित भूखण्ड तक पहुचने का कोई मार्गाधिकार नहीं है । भूखण्ड पहाडी पर है, पहुंचने के लिए 10 फीट गहरे गड्डे से जाया जा सकता है । मुझे इसी योजना में अन्य भूखण्ड आवंटन किया जावे ।

कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट मंगाई गई । जिसमें भी उल्लेख किय गया है कि प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड पहाडी पर है तथा भूखण्ड पर पहुचने के लिए किसी प्रकार की सम्पर्क सडक उपलब्ध नहीं है । वर्तमान में इसी योजना में भूखण्ड संख्या ई–59, ई–69 रिक्त बतायें है । जो 24 मीटर रोड पर स्थित है । साथ ही 12 मीटर रोड पर बी–236 रिक्त बताया है जो आधा पहाडी पत्थर पर स्थित है, और आधे में 5 से 7 फीट गहरा गड्डा है । प्रकरण प्रार्थी को समकक्ष वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन हेतु कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 08.09.2017 के प्रस्ताव संख्या 19 पर रखा गया ।

निर्णय :– बैठक में बाद विचार सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रार्थी को पूर्व में जो भूखण्ड आवंटित हुआ है वह 12 मीटर चौडी सडक पर हुआ है लिहाजा उसी चौडाई की सडक पर रिक्त भूखण्ड के संबंध में प्रार्थी से सहमति प्राप्त कर प्रकरण पुनः बैठक में प्रस्तुत किया जावें ।

प्रार्थी ने दिनांक 20.09.2014 को प्रार्थना पत्र पेश कर आवंटित भूखण्ड संख्या 267 सेक्टर–'ई' राजीव गांधी नगर के एवज में 12 मीटर सडक पर उपलब्ध भूखण्ड संख्या 236 सेक्टर–'बी' राजीव गांधी नगर आधा पहाडी पर व आधा भूखण्ड में 5 से 7 फिर गहरे खड्डे होने से लेने में असमर्थता प्रकट की है।

प्रार्थी ने 24 मीटर सडक पर उपलब्ध भूखण्ड संख्या 59 व 69 सेक्टर–'ई' राजीव गांधी नगर मे से कोई एक भूखण्ड लेने की सहमति दी है । प्रार्थी के आंवटित भूखण्ड संख्या 267 राजीव गांधी नगर सेक्टर–'ई' 12 मीटर सडक व प्रस्तावित भूखण्ड संख्या 59 व 69 सेक्टर–'ई' 24 मीटर सडक पर है । क्षैत्रफल समान है । प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष पुनः विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया एवं यह पाया गया कि प्रार्थी को जो भूखण्ड दिनांक 15 फरवरी, 2010 को भूखण्ड संख्या 267 सेक्टर–ई राजीव गांधी नगर में आवंटित किया गया था वह गढ्ढे में स्थित है। प्रार्थी को दिनांक 15 फरवरी, 2010 को जो भूखण्ड आवंटित किया गया वह 12 मीटर चौडी सडक पर स्थित है परन्तु वर्तमान में 12 मीटर चौडी सडक पर उपलब्ध भूखण्ड संख्या 236 भी आधा पहाडी पर तथा आधा 5 – 7 फीट गहरे खड्डे में है। बैठक में प्रकरण पर विचारविमर्श से यह पाया गया कि किसी भी भूखण्ड की आवंटन दर उस भूखण्ड के सामने स्थित सडक की चौडाई पर निर्भर नहीं करती है वरन यह भूखण्ड के आकार तथा आवेदक की आय वर्ग पर निर्भर करती है। चूंकि इस प्रकरण विशेष में राजीव गांधी नगर में प्राप्त रिपोर्ट एवं विमर्श के अनुसार 12 मीटर चौडी सडक के सामने कोई समान आकार का भूखण्ड आवंटन योग्य उपलब्ध नहीं है लिहाजा प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 59 सेक्टर–ई राजीव गांधी नगर योजना जो कि 24 मीटर चौडी सडक पर स्थित है, बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से आवंटन करने करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 8 :: भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर–2 रामराज नगर योजना में श्रीमती मधुबाला एवं महावीर चन्द तातेड को दोहरा आवंटन होने बाबत।

मधुबाला द्वारा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत संख्या 08170462426621 दिनांक 07.08.2017 को मुख्यमंत्री हेल्प लाईन पर दर्ज कराने पर प्राधिकरण द्वारा निम्नानुसार प्रकरण जांच कराई गई।

24.11.17

श्रीमति मधुबाला को भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर 02 रामराज नगर दिनांक 14.10.2009 को लॉटरी द्वारा भूखण्ड आवंटन हुआ था। प्रार्थी द्वारा भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 25.08.2009 को प्राप्त किया एवं लीज डीड भी दिनांक 25.08.2009 को प्राप्त कर ली थी।

श्री महावीर तातेड का भूखण्ड संख्या डी 233 कीर्ति नगर योजना में आवंटन हुआ था जिस पर अन्य व्यक्ति का कब्जा होने से प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड का कब्जा नहीं दिया जाने पर प्रार्थी द्वारा जिला उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज की गई जिला उपभोक्ता मंच के निर्णय की पालना में प्राधिकरण बैठक दिनांक 19.06.2009 को प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर 02 रामराज नगर का आवंटन करने का निर्णय लेकर प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 18.07.2012 को सुपुर्द किया था एवं प्रार्थी द्वारा आवंटित भूखण्ड की लीज डीड दिनांक 27.09.2012 को प्राप्त कर ली गई थी।

अतः दोनो प्रार्थीयों को एक ही भूखण्ड आवंटन होने से दोनो पक्षो को प्राधिकरण कार्यालय में बुलाया गया की किसी एक पक्ष को भूखण्ड रखने और दूसरे पक्ष को अन्य भूखण्ड देने बाबत् सहमति ली गई। साथ ही रिक्त भूखण्डो (समान आकार एव समान सडक चौडाई) का मौके पर प्रार्थीयों के साथ निरीक्षण भी करवाया गया। मधुबाला द्वारा भापथ पत्र प्रस्तुत कर वैकल्पिक भूखण्ड इसी योजना में भूखण्ड संख्या 172 सेक्टर एक (30X64 सडक की चौडाई 40 फीट) में (समान आकार व समान सडक की चौडाई) आवंटन करने की सहमति प्रस्तुत कर निवेदन किया की भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर 02 रामराज नगर (30X64 सडक की चौडाई 60 फीट) की लीज डीड प्राप्त कर ली है, अतः मेरे द्वारा भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर दो रामराज नगर का ही भूखण्ड रखने की सहमति प्रस्तुत की है।

चूंकि प्रार्थीयो की वैकल्पिक भूखण्ड संख्या 172 सेक्टर एक रामराज नगर एवं भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर रामराज नगर दोनो की सैद्वातिक सहमति दी जा चूकी है, अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निणयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर–2 राजीव गांधी नगर योजना श्रीमती मधुबाला एवं श्री महावीर तातेड दोनों को ही आवंटन हो चुका है एवं दोनों को ही लीज डीड जारी हो चुकी है लेकिन मौके पर श्री महावीर तातेड का कब्जा है। ऐसी परिस्थिति में श्रीमती मधुबाला द्वारा दी गयी सहमति के आधार पर उन्हें रामराज नगर योजना में भूखण्ड संख्या 172 सेक्टर–1 समान आकार व समान सडक की चौडाई पर पूर्व में आवंटित भूखण्ड संख्या 48 सेक्टर –2 के स्थान पर आवंटित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उक्त आवंटन आदेश करने से पूर्व श्रीमती मधुबाला द्वारा पूर्व में प्राप्त लीज डीड व मूल पट्टा विलेख की प्रति प्राधिकरण में जमा करवायी जावे एवं निरस्तीकरण डीड उप पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत करवाकर इस कार्यालय में पेश करें और इनसे शपथ पत्र प्राप्त किया जावे कि इन्होंने किसी संस्था/ व्यक्ति से इस लीज डीड के बदले कोई ऋण नहीं लिया है।

प्रस्ताव संख्या 9 :: साचिहर ब्राहमण समाज को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन करने के संबंध में।

प्राधिकृत अधिकारी सांचीहर ब्राह्मण समाज जोधपुर द्वारा नवीन आवंटन नीति 2015 के तहत प्रपत्र 'अ' भरकर सांचीहर ब्राह्मण समाज द्वारा ग्राम चौखा खसरा न. 659 मे 1500 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का अनुरोध किया है।

24.11.17

उपरोक्त खसरे का तहसीलदार (पश्चिम) एंवम् पटवारी (पश्चिम) से मौका रिपोर्ट एंवम् राजस्व रिपोर्ट प्राप्त करने पर उपरोक्त खसरा राजस्व रिकॉर्ड मे जोधपुर विकास प्राधीकरण जोधपुर के नाम दर्ज है एंवम् रकबा 7 बीघा गैर–मुमकिन बारानी प्रथम है तथा चाही गई भूमि रिक्त है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट के अनुसार खसरा न. 659 ग्राम चौखा का भू–उपयोग लेंडव्यूज प्लान 2023 के अन्तर्गत परिधि नियंत्रण पट्टी के अंतर्गत आरक्षित है। खसरा प्लान पार्ट लेण्ड गूगल मेप पर अंकित कर दर्शाया।

राज्य सरकार के आदेश कमांक एफ 10 (35) यूडीएच/ 3/2010 पार्ट दिनांक 20.07. 2017 के अनुसार भू–उपयोग परिवर्तन हेतु प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में जारी किया गया है जिसमें पब्लिक इंटरेस्ट में भू–उपयोग परिवर्तन हेतु प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का आदेश है।

संस्था द्वारा नवीन आवंटन नीति 2015 के तहत प्रपत्र 'अ' भरकर निवेदन किया है कि सामुदायिक केन्द्र हेतु आवंटन भूमि रियायती दर पर आवंटन करने का अनुरोध किया है अतः रियायती दर पर आवंटन करने का क्षेत्राधिकार राज्य सरकार में निहित है एवम् सामुदायिक केन्द्र हेतु संभागीय मुख्यालय/छोडकर 1500 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का प्रावधान है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति में विचारार्थ/ निर्णयार्थ रखने हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि साचिहर ब्राह्मण समाज द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ग्राम चौखा के खसरा संख्या 659 में 1500 वर्ग मीटर भूमि आरक्षित दर की आधी दर पर आवंटन करने के लिए आवेदन किया है। उक्त भूमि का भू–उपयोग मास्टर प्लान–2023 के अनुसार परिधि नियंत्रण पट्टी के अन्तर्गत आता है। राज्य सरकार के आदेश कमांक एफ. 10 (35) यूडीएच/ 3/ 2010 पार्ट दिनांक 20 जुलाई, 2017 के अनुसार व्यापक जनहित में मास्टर प्लान में परिवर्तन किया जा सकता हैं। चूंकि उक्त आदेश के बिन्दु संख्या–4 में वर्णित है कि, "Non profit earning Charitable Trust, Institutions and entities which are eligible for allotment of land under the State Policy for allotment of land on concessional rates." । चूंकि उक्त संस्था बिन्दु संख्या–4 के अन्तर्गत कवर होती है लिहाजा प्रकरण में आवेदक संस्था को भूमि आवंटन करने हेतु स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भिजवाया जावे।

प्रस्ताव संख्या 10 :: जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के अधिकारियों एवम कर्मचारियों के लिए सम्राट अशोक उद्यान में स्थित इवेन्ट गार्डन के किराये में 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने बाबत।

प्रस्ताव संख्या 1:: राजस्थान आवासान मण्डल जयपुर का परिपत्र क्रमांक प. 16/मुसप्र/सामुदारिक भवन/09–10/2001 जयपुर दिनांक 26.02.2010 के अनुसार आवासन मण्डल के अधिकारियों एवम् कर्मचारियों के लिए केन्द्र के किराये की राशि में 50 प्रतिशत की छुट प्रदान की गई है। इसी क्रम में कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के श्रमिक कर्मचारी संघ की ओर से आयुक्त महोदय जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर को दिनांक 30.03. 2017 को प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जोधपुर में निर्मित सम्राट अशोक उद्यान में स्थित सामुदायिक भवन (ईवेन्ट गार्डन) के किराये की राशि में मण्डल कर्मचारियों की भांति अब प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी उनके पारिवारिक कार्यों के लिए सम्राट अशोक उद्यान में स्थित सामुदायिक भवन (ईवेन्ट गार्डन) के

24.11.17

किराये की राशि में छुट प्रदान की जावें। इस क्रम में प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी उनके स्वयं के पारिवारिक सदस्यों के सम्बन्ध में आयोजन हेतु सम्राट अशोक उद्यान में स्थित सामुदायिक भवन (ईवेन्ट गार्डन) के किराये की राशि में छुट प्रदान करने के साथ ही मण्डल के परिपत्र 2010 की पालनार्थ प्राधिकरण द्वारा आयोजित किये जाने वाले सार्वजनिक समारोह यथा प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृती पर आयोजित विदाई समारोह, खेलकुद प्रतियोगिताएं, होली एवम् दिपावली स्नेह मिलन समारोह इत्यादि हेतु जोधपुर में निर्मित सम्राट अशोक उद्यान में स्थित सामुदायिक भवन (ईवेन्ट गार्डन) उपलब्ध होने पर ही निशुल्क दिया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी समस्त बुकिंग के लिए अशोक उद्यान में स्थित सामुदायिक भवन एवं इवेन्ट गार्डन की वर्तमान दर में 50 प्रतिशत वृद्धि करते हुए किरोय की राशि को डेढ़ गुणा किया जावे और इसमें जी.एस.टी. अलग से प्राप्त किया जावे। जोधपुर विकास प्राधिकरण के कार्यरत् अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ती, विदाई समारोह, विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता, होली व दीपावली स्नेह मिलन समारोह तथा प्राधिकरण में कार्यरत् अधिकारी/कर्मचारी के पुत्र तथा पुत्री के विवाह तथा उनके पारिवारिक कार्यक्रम के लिए आवेदन प्राप्त होने पर उपलब्धता के आधार पर प्रचलित आवंटन दर करने की 60 प्रतिशत रखी जावे। उक्त पूर्ण प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से लागू किया जावे। यह रियायती एक समय में अधिकतम 3 दिवस के लिए देय होगी इससे अधिक अवधि के लिए (तीन दिवस के अलावा अतिरिक्त अवधि) का किराया प्रचलित सामान्य दर से लागू होगा। उपरोक्त प्रस्ताव अनुसार बढी हुई दरें, रियायती दरें तत्काल प्रभाव से आगामी होने वाली समस्त बुकिंग के लिए लागू की जावे एवं अभी जो बुकिंग हो चुकी है एवं जिसमें राशि जमा हो चुकी है, उनके लिए यह प्रावधान लागू नहीं रहेगा। चूंकि प्रकरण नीतिगत निर्णय का है इसलिए इसके अनुमोदन हेतु प्रकरण प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 11 :: स्टेशनरी आपूर्ति का कार्य (वार्षिक दर संविदा)

प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 06/2017–18 दिनांक 16.08.2017 में मैसर्स शांता प्रिन्टर्स की दरे न्युनतम पाई गई। अतः उक्त दरो में नेगोशियेशन हेतु प्राधिकरण के पत्रांक 2150 दिनांक 14.09.2017 के तहत पत्र जारी किया गया। जिसमें संवेदक ने अपने पत्र दिनांक 19.08.2017 के तहत प्रस्तुत दरो में 7.5 प्रतिशत की कमी करने की सहमति प्रदान की। जिसे सक्षम कमेटी ने विचार विमर्श कर समस्त दरे जीएसटी को सम्मलित करते हुए 7.5 प्रतिशत प्रिमियम कुल खरीद पर राशि कम कर भुगतान किये जाने की सहमति हेतु प्राधिकरण पत्रांक 2335 दिनांक 11.10.2017 के तहत संवेदक को सहमति हेतु पत्र लिखा जिसके प्रत्युतर मे संवेदक ने अपने पत्र दिनांक 17.10.2017 के तहत 7.5 प्रतिशत छूट का प्रस्ताव जीएसटी के अतिरिक्त के साथ माना जाये क्योकि निविदा के बिड प्रपत्र में (BOQ) दरे करो को छोडकर मांगी गई है। जिसे कमेटी ने विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया कि जीएसटी की अतिरिक्त लागत प्राधिकरण द्वारा वहन करते हुए नया कार्यादेश जारी करने हेतु उक्त प्रकरण उच्चतर समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया। जिस पर उच्चतर समिति ने नेगोशियेशन पश्चात संवेदक द्वारा दी गई दर जिस पर जीएसटी अतिरिक्त हैं को कार्यकारी समिति की प्रत्याशा मे अनुमोदित किया। अतः उक्त प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष निणयार्थ प्रस्तुत है।

24.11.17

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार स्टेशनरी आपूर्ति का वार्षिक दर संविदा 7.50 प्रतिशत नेगोशिएशन दर पर कमी एवं जी.एस.टी. अतिरिक्त को सर्व सममति से स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 12 :: फलेक्स/ होर्डिंग्स बनाकर लगाने का कार्य (वार्षिक दर संविदा)

प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यादेश एफ 38 (07) 2017–18 के तहत कार्य का नाम फ्लेक्स/ होर्डिंग्स बनाकर लगाने का कार्य (वार्षिक दर संविदा) मैसर्स चित्रा क्रियेशन एण्ड एडवरटाईसिंग को जारी किया गया है। जिसमें फ्लेक्स/होर्डिंग्स बनाकर लगाने की वार्षिक दर संविदा आयुक्त महोदय द्वारा कार्यकारी समिति की प्रत्याक्षा मे दर स्वीकृत करते हुए संबंधित फर्म को कार्यादेश जारी किया गया। अतः फ्लेक्स/होर्डिंग्स बनाकर लगाने की वार्षिक दरे कार्यकारी समिति मे अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से फलेक्स/हॉर्डिंग बनाने के कार्य की वार्षिक दर संविदा जो मैसर्स चित्रा क्रियेशन एण्ड एडवरटाईजमेंट को आयुक्त महोदय द्वारा कार्यकारी समिति की स्वीकृति की प्रत्याक्षा में स्वीकृत किया गया है, उसका अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 13 :: श्रीमती सन्तोष मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रेम मेहरा भूखण्ड संख्या 293 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना के संबंध में।

श्री प्रेम मेहरा पुत्र श्री दयाराम को नगर विकास जोधपुर द्वारा दिनांक 14.07.2008 को निकाली लॉटरी में भूखण्ड संख्या 293 सेक्टर 1 रामराज नगर नाप 39 X69 यानी 250.00 वर्गमीटर का आवंटन किया गया था । श्री प्रेम मेहरा द्वारा भूखण्ड की बकाया राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं कराने से भूखण्ड भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम 17(5) की श्रेणी में आ गया । जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 22.05. 2012 एवं राजस्थान सरकार नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक :– प. 3(258)नविवि/3/2012 जयपुर दिनांक 16.01.2013 के अनुसार भूखण्ड की बकाया राशि मय 15 प्रतिशत व 10 प्रतिशत शास्ती सहित कुल रूपये 4,53,259.00 जरिये रसीद संख्या 9001/73970 दिनांक 15.03.2013 द्वारा प्राधिकरण कोष में जमा करवा लिये गये ।

भूखण्ड संख्या 293 सेक्टर 1 रामराज नगर ग्राम चौखा के मूल आवंटी श्री प्रेम मेहरा पुत्र स्व. श्री दयाराम का स्वर्गवास दिनांक 17.04.2013 को हो जाने के कारण उनके घोषित वारिसों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हकतर्क नामा दिनांक 17.05.2013 के द्वारा भूखण्ड संख्या 293 सेक्टर 1 रामराज नगर चौखा के अपने हक अपनी माताजी श्रीमति संतोष मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रेम मेहरा के हक में निष्पादित कर दिये । प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते भूखण्ड संख्या 293 सेक्टर 1 रामराज नगर चौखा कार्यालय आदेश क्रमांकः– एफ–48/वसूली/2015/553–557 दिनांक 30.07.2015 के द्वारा श्रीमति संतोष मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रेम मेहरा के नाम नामान्तरण कर दिया गया।

श्रीमति संतोष मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रेम मेहरा ने आवंटित भूखण्ड 293 सेक्टर 1 रामराज नगर चौखा की लीजडीड जारी करने की मांग पर क्षैत्र के कनिष्ठ अभियन्ता एवं पटवारी से संयुक्त मौका रिपोर्ट मंगवाई गई । जिसके अनुसार प्रार्थीनी के भूखण्ड पर एवं भूखण्ड के सामने अतिक्रमण पाया गया । मौके पर एवं क्षैत्र में हुए अतिक्रमण के कारण आवंटी को भूखण्ड

24.11.17

की लीजडीड जारी किया जाना संम्भव नहीं है। अतः आवंटी को समकक्ष वैकल्पिक भूखण्ड जिसका क्षैत्रफल 39 X 69 यानि 250 वर्गमीटर सडक 40 फीट पर दिये जाने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीमती संतोष मेहरा पत्नि स्व. श्री प्रेम मेहरा के आवेदन पर विचार विमर्श किया गया एवं श्री प्रेम मेहरा पुत्र श्री दयाराम जिन्हें भूखण्ड संख्या 293 सेक्टर–1, रामराज नगर योजना बनाप 39 फीट गुणा 69 फीट आवंटित किया गया था एवं जिनके द्वारा राज्य सरकार की स्वीकृति के कम में संपूर्ण राशि दिनांक 15 मार्च, 2013 को जमा करवा दी गयी थी एवं मौके पर अतिक्रमण होने के कारण श्री प्रेम मेहरा के स्वर्गवास के पश्चात् उनकी पत्नि श्रीमती संतोष मेहरा को उक्त भूखण्ड की लीज डीड जारी नहीं की जा सकी। लिहाजा श्रीमती संतोष मेहरा को समान आकार एवं समान चौडाई की सडक पर वैकल्पिक भूखण्ड रामराज नगर में आवंटित करने की सहमति प्रदान करने पर आवंटन करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

प्रस्ताव संख्या 14 :: भूखण्ड संख्या 92 सेक्टर–ए अरणा विहार योजना ग्राम बडली की राशि जमा कराने के बाबत।

प्राधिकरण द्वारा लॉटरी दिनांक 12.03.2016 के द्वारा भूखण्ड संख्या 92 सेक्टर–'ए' श्रीमति गजरो देवी पत्नी श्री मेधाराम प्रजापत को आवंटन किया गया था । भूखण्ड का आवंटन पत्र श्रीमति गजरो देवी पत्नी श्री मेधाराम प्रजापत को क्रमांक 112 दिनांक 28.03.2016 के द्वारा जारी किया गया । आवंटी श्रीमति गजरो देवी पत्नी श्री मेधाराम प्रजापत द्वारा आवंटन पत्र प्राप्ति के निर्धारित समयावधि 30 दिवस में राशि जमा कराना अनिवार्य था । इसके पश्चात् 60 दिवस तक 15 प्रतिशत ब्याज सहित राशि जमा करवानी थी, लेकिन प्रार्थीनी द्वारा समय पर राशि जमा नहीं कराई गई । 90 दिवस पश्चात् प्रार्थीनी का भूखण्ड स्वतः निरस्त हो चुका है । प्रार्थीनी द्वारा ई–चालान 2768 दिनांक 17.08.2017 को जरिये एक्सिस बैंक में भूखण्ड की राशि रूपये 27,87,600/– जमा करा दिये है । जो 133 दिन पश्चात् जमा है । प्रार्थीनी ने प्रार्थना–पत्र पेश कर भूखण्ड की लीजडीड जारी करने की मांग की है । भूमि निष्पादन अधिनियम 1974 (17)(5) के अनुसार एक वर्ष तक आयुक्त महोदय की स्वीकृति के पश्चात् राशि ब्याज व शास्ती सहित जमा की जा सकती है । आवंटी ने भूखण्ड की बकाया राशि 133 दिन पश्चात् जमा करवाई है । प्रकरण आवंटन तिथि से एक वर्ष से 2 वर्ष के बीच का है । पत्रावली के पैरा 15 व 16 के निर्णय अनुसार प्रकरण कार्यकारी समिति के निर्णय के पश्चात् बकाया राशि पर 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ती सहित राशि जमा की जानी है ।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

भूखण्ड संख्या 92 सेक्टर–ए अरणा विहार योजना ग्राम बडली की आवंटी श्रीमती गजरा देवी पत्नि श्री मेघाराम प्रजापत ने भी निरस्तीकरण के प्रावधानों की समय सीमा के पश्चात् राशि मय ब्याज जमा करवायी है एवं चूंकि मूल आवंटन पत्र दिनांक 28 मार्च, 2016 को जारी किया गया था लिहाजा प्रकरण आवंटन तिथि से एक वर्ष से 2 वर्ष के भीतर का होने के कारण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत हुआ जिसमें बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रकरण में नियमानुसार ब्याज व शास्ति वसूल करते हुए भूखण्ड आवंटन को बहाल करने का निर्णय लिया गया।

24.11.17

प्रस्ताव संख्या 15 :: भूखण्ड संख्या 333 सेक्टर–सी अरणा विहार योजना ग्राम बडली की राशि जमा कराने बाबत।

प्राधिकरण द्वारा लॉटरी दिनांक 12.03.2016 के द्वारा भूखण्ड संख्या 333 सेक्टर–'सी' श्रीमति रामेश्वरी पत्नी श्री ताराचन्द को आवंटन किया गया था । भूखण्ड का आवंटन पत्र श्रीमति रामेश्वरी पत्नी श्री ताराचन्द को क्रमांक 1000 दिनांक 16.05.2016 के द्वारा जारी किया गया । आवंटी श्रीमति रामेश्वरी पत्नी श्री ताराचन्द द्वारा आवंटन पत्र प्राप्ति के निर्धारित समयावधि 30 दिवस में राशि जमा कराना अनिवार्य था । इसके पश्चात् 60 दिवस तक 15 प्रतिशत ब्याज सहित राशि जमा करवानी थी, प्रार्थीनी द्वारा राशि आवंटन पत्र जारी होने के 102 दिन बाद ई–चालान 100102 दिनांक 12.09.2016 को इंडसन बैंक में जमा कराई गई । 90 दिवस पश्चात् प्रार्थी का भूखण्ड स्वतः निरस्त हो जाता है, प्रार्थीनी ने प्रार्थना–पत्र पेश कर भूखण्ड की लीजडीड जारी करने की मांग की है । भूमि निष्पादन अधिनियम 1974 (17)(5) के अनुसार एक वर्ष तक आयुक्त महोदय की स्वीकृति के पश्चात् राशि ब्याज व शास्ती सहित जमा की जा सकती है । प्रकरण आवंटन तिथी से एक वर्ष से अधिक का होने से कार्यकारी समिति बैठक में (दिनांक 16.05.2016 को आवंटन पत्र जारी हुआ) 90 दिवस अर्थात 16.08.2016 तक जमा करवाया जाना था । चूंकि प्रकरण में आज दिनांक तक स्वतः निरस्तीकरण के पश्चात् 1 वर्ष की अवधि बीत चुकी है । तो बकाया राशि पर 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ती सहित राशि जमा की जानी है ।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या 333 सेक्टर–सी अरणा विहार योजना ग्राम बडली जिसका आवंटन पत्र श्रीमती रामेश्वरी पत्नि श्री ताराचन्द को दिनांक 16 मई, 2016 को जारी किया गया था एवं ऐसे निरस्तीकरण की तिथि से प्रकरण 1 वर्ष से 2 वर्ष की अवधि के बीच का है जो कि प्राधिकरण की कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार में आता है। लिहाजा बकाया राशि पर नियमानुसार ब्याज व शास्ती वसूल करते हुए प्रकरण में भूखण्ड आवंटन को बहाल किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 16 :: भूखण्ड संख्या 258 सेक्टर–बी अरणा विहार योजना ग्राम बडली की राशि जमा कराने बाबत।

प्राधिकरण द्वारा लॉटरी दिनांक 12.03.2016 के द्वारा भूखण्ड संख्या 258 सेक्टर–'बी' श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री करण सिंह को आवंटन किया गया था । भूखण्ड का आवंटन पत्र श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री करण सिंह को क्रमांक 932 दिनांक 13.05.2016 के द्वारा जारी किया गया । आवंटी श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री करण सिंह द्वारा आवंटन पत्र प्राप्ति के निर्धारित समयावधि 30 दिवस में राशि जमा कराना अनिवार्य था । इसके पश्चात् 60 दिवस तक 15 प्रतिशत ब्याज सहित राशि जमा करवानी थी, प्रार्थीनी द्वारा राशि आवंटन पत्र जारी होने के एक वर्ष पश्चात् जमा कराने की मांग की गई है । 90 दिवस पश्चात् प्रार्थी का भूखण्ड स्वतः निरस्त हो चुका है, प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र पेश कर भूखण्ड की राशि जमा कराने की मांग की है । भूमि निष्पादन अधिनियम 1974 (17)(5) के अनुसार एक वर्ष पश्चात् कार्यकारी समिति की स्वीकृति के पश्चात् राशि ब्याज व शास्ती सहित जमा की जा सकती है । प्रकरण कार्यकारी समिति के निर्णय के पश्चात् बकाया राशि पर 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ती सहित राशि जमा की जानी है ।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष निरस्तीकरण के लिए विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

24.11.17

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या 258 सेक्टर–बी अरणा विहार योजना ग्राम बडली का भूखण्ड श्री दिलीपसिंह पुत्र श्री कर्णसिंह को आवंटन किया गया था। जिसका आवंटन पत्र दिनांक 13 मई, 2016 को जारी हुआ। जो कि स्वतः निरस्तीकरण की तिथि से प्रकरण 1 वर्ष व 2 वर्ष की अवधि के बीच का है जो कि कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार में आता है। अतः नियमानुसार ब्याज व शास्ती वसूल करते हुए प्रकरण में भूखण्ड आवंटन को बहाल किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 17 :: भूखण्ड संख्या 310 दन्तोपंत ढेगडी नगर योजना ग्राम चौखा की भिन्न आय वर्ग की राशि जमा कराने बाबत।

श्री उमराव चन्द परिहार पुत्र श्री मगराज परिहार के आवेदन पत्र क्रमांक 1538 पेश कर न्यास की दन्तोपंत ढेगडी नगर योजना में भूखण्ड आवंटन हेतू आवेदन पत्र पेश किया । न्यास द्वारा निकाली गई लॉटरी दिनांक 25.07.2008 को श्री उमराव चन्द को भूखण्ड संख्या 310 नाप 30 64=178.36 वर्गमीटर का आवंटन हुआ । जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3892 दिनांक 18. 08.2008 को जारी हुआ है । भूखण्ड की आवंटन राशि रूपये 15,4001/– आवंटी श्री उमराव चन्द द्वारा जरिये रसीद संख्या 43999 दिनांक 15.09.2008 को जमा करवा दिये एवं लीजडीड के लिये आवेदन किया । लीजडीड जारी करने से पूर्व पेश आवेदन पत्र क्रमांक 1538 व सलंग्न दस्तावेजो की जांच की गई । जिस प्रकार निम्न तथ्य सामने आयें ।

1. आवेदक श्री उमराव चन्द के आवेदन पत्र के क्रम संख्या 6 आवेदक की समस्त श्रोतो से मासिक आय वर्ग 4 में 12001/– से 20,000/– तक में (√)सही का निशान लगाया ।
2. आवेदक पत्र के क्रम संख्या 7 (स–1) 178.36 व 217.94 वर्गमीटर के लिये (√) सही का निशान लगाया ।
3. तहसीलदार (भू.अ.) भोपालगढ द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र में आवेदक श्री उमराव चन्द की मासिक आय रूपये 16,348/– अंकित है । इस प्रकार प्रकरण भिन्न आय वर्ग में आवेदन करने का पाया गया । आवेदक ने अपनी मासिक आय से भिन्न आय वर्ग के निर्धारित क्षैत्रफल हेतु आवेदन किया है ।

इस प्रकार के दन्तोपंत ढेगडी नगर योजना व रामराज नगर योजना में कुल 110 प्रकरण सामने आयें । सभी प्रकरणों के उचित निस्तारण हेतु प्राधिकरण की बैठक दिनांक 13. 04.2010 में विचारार्थ हेतु निर्णयार्थ रखा गया था ।

प्रस्ताव संख्या 4(1) में निर्णय लिया गया कि "**वाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दन्तोपंत ढेगडी एवं रामराज नगर में जिन आवेदकों ने अपने निर्धारित आय वर्ग से निम्न आय वर्ग के लिए आवेदन किया था, प्रथम दृष्टया उन्हे सही नहीं माना गया । इस प्रकार के भूखण्ड धारियों के भूखण्डों का आवंटियों द्वारा अपने निर्धारित आय वर्ग की दर एवं उससे उच्च आय वर्ग की राशि शास्ति के रूप में जमा करवाने पर नियमन करने का निर्णय लिया गया**" ।

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 13.04.2010 के प्रस्ताव संख्या 4(1) में लिये गये निर्णय के अनुरूप प्राधिकरण द्वारा आवेदक से भिन्न आय वर्ग में आवेदन करने की शास्ती रूपये 52,170/– वसुल करने हेतु पत्र क्रमांक 1616 दिनांक 12.07.2010 को जारी किया गया । उक्त राशि रूपये 52,170/– आज दिनांक तक जमा नहीं है । आवेदक श्री उमराव चन्द द्वारा पेश प्रार्थना पत्र दिनांक 01.06.2017 में जाहिर किया है कि उसे उक्त जारी मांग पत्र दिनांक

24.11.17

12.07.2010 प्राप्त नहीं हुआ । एक अन्य प्रार्थना पत्र दिनांक 23.06.2017 में जाहिर किया है कि यदि उसके द्वारा आवेदन पत्र में गलत सूचना पेश की तो उसका आवेदन उसी समय खारिज क्यों नहीं किया गया एवं उसे बताया जावें कि उससे जो राशि रूपये 52,170/– वसूल किये जा रहे है, वह राशि किस मद में जमा करवाई जा रही है ।

आवेदक से राशि रूपये 52,170/– वसूल करने के निर्णय के क्रम में प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री उमराव चन्द परिहार पुत्र श्री मगराज परिहार को देय राशि जमा कराने के लिए अन्तिम नोटिस जारी किया जावे तथा उसके पश्चात् नियमानुसार निर्णय लिया जावे।

प्रस्ताव संख्या 18 :: भूखण्ड संख्या ए–241 मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना की अश्विनी कुमार को अन्यत्र भूखण्ड आवंटन बाबत।

भूखण्ड संख्या 241 सेक्टर ए बनाप 200 वर्गगज मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना का आवंटन लॉटरी दिनांक 04.03.1999 द्वारा आवेदन पत्र क्रमांक 640 आवेदक श्रीमति रमावती पुत्री श्री मोहनपुरी गोस्वामी का किया गया था। आवंटी द्वारा जरिये रसीद संख्या 25 दि. 24.03.1999 द्वारा भूखण्ड की राशि रूपये 61888 जमा करवा दिये गये। उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 31.03.2000 को श्रीमति रमावती पत्नि हेमन्तपुरी गोस्वामी के नाम से जारी की गई। उक्त भूखण्ड की एक मुश्त लीज राशि जरिये रसीद संख्या 9001/819 दिनांक 29.03.2009 के द्वारा जमा करवाई जा चुकी है तथा प्रार्थीया के आवेदन पर दिनांक 24.01.2012 को लीजमुक्ति प्रमाण पत्र भी जारी है।

तत्पश्चात् मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना हेतु दिनांक 25.04.2008 को निकाली गई लॉटरी में पुनः भूखण्ड संख्या 241 सेक्टर ए का आवंटन श्री अश्विनी कुमार पुत्र श्री ताराचन्द का किया गया। भूखण्ड की किमत जरिये रसीद संख्या 40778 दि. 11.08.2008 व 6709 दि. 25.02.2008 के द्वारा जमा करवाई जा चुकी है। अतः श्री अश्विनी कुमार पुत्र श्री ताराचन्द को अन्य योजना में भूखण्ड आवंटन हेतु प्रकरण प्राधिकरण की बैठक दिनांक 23.04.2013 रखा गया था जिसमें निर्णय लिया कि प्रार्थी द्वारा राजीव गांधी योजना मे भूखण्ड लेने इच्छुक है तो सहमति पत्र लिया जाकर भूखण्ड राजीव गांधी योजना मे आवंटन किया जावें। प्रार्थी द्वारा इस पर आपत्ति प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि मुझे मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना मे ही भूखण्ड आवंटन किया जावें।

प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति बेठक दिनांक 11.03.2015 कि निर्णय अनुसार प्रार्थी अन्य योजना हेतु विकल्प मांगे गये थे। प्रार्थी द्वारा विकल्प मे निम्न योजना का प्रस्तुत किया है–

1. विजयाराजे सिंधिया नगर
2. विवेक विहार
3. रामराज नगर
4. दन्तोपंत ढेगड़ी नगर

चूंकि उपरोक्त योजना मे भूखण्ड रिक्त नही होने से राजीव गांधी योजना मे 9ग18 मी. साईज के भूखण्ड संख्या बी 188 एंवम बी 209 की कनिष्ठ अभियंता से रिपोर्ट मंगवाने पर उपरोक्त दोनो भूखण्ड रिक्त दर्शाये है एंवम बी 209 राजीव गांधी योजना का भूखण्ड हाल ही

24.11.17

मे श्री जगदीश चन्द्र जी को उपभोक्ता मंच के निर्णय की पालना मे कार्यकारी समिति बैठक दिनांक 08.09.2017 को आवंटन करने का निर्णय लिया गया है।

भूखण्ड संख्या बी 188 राजीव गांधी योजना के सड़क की चौड़ाई 9मीटर है एंवम ए 241 मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना की सड़क की चौड़ाई 40फीट है। अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक मे निर्णायार्थ एंवम विचारार्थ हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या ए–241 मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर सांगरिया योजना में 200 वर्ग गज का भूखण्ड जरिये लॉटरी दिनांक 25 अप्रैल, 2008 को आवंटित किया गया। चूंकि उक्त भूखण्ड पर पूर्व में श्रीमती रमावती पुत्री श्री मोहनपुरी गोस्वामी को आवंटित किया जा चुका है। अतः वर्तमान में उपलब्ध भूखण्ड संख्या बी–188, राजीव गांधी योजना क संबंध में श्री अश्विनी कुमार पुत्र श्री ताराचन्द से सहमति प्राप्त कर आवंटन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 19 :: बाल सचिवालय के संचालन शिशु गृह आदर्श गृह बाल गृह एवं बाल सुधार गृह की स्थापना एवं बाल कल्याण के लिए खसरा नं. 73 ग्राम आंगणवा रकबा 56.10 बीघा में से 5 बीघा भूमि आवंटन हेतु।

बाल सचिवालय के संचालन शिशु गृह आदर्श शिशु गृह बाल गृह एवं बाल सुधार गृह की स्थापना एवं बाल कल्याण की विभिन्न योजनाओं की क्रियान्विति हेतु आदर्श केन्द्रों की स्थापना हेतु भूमि आवंटन के लिये सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर ने 5.00 बीघा भूमि आवंटन हेतु प्रपत्र–स में आवेदन प्रस्तुत किया हैं। पटवारी उतर जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर की रिपोर्ट के अनुसार खसरा नं. 73 रकबा 56.10 बीघा किस्म गै.मु. पहाड़ में से 5.00 बीघा भूमि आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। आयोजना शाखा की रिपोर्ट पैरा 5/एन के अनुसार भू–उपयोग सुरपुरा से आंगणवा जाने वाली सड़क पर (ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा) के नीचे की तरफ वाला कार्यशियल एवं उसके बाद का भाग आवासीय आरक्षित हैं। पैरा/10एन के अनुसार संस्थानिक क्षेत्र में बाल अपचारी सदन अनुज्ञेय हैं। बाल सचिवालय के संचालन, शिशु गृह आदर्श शिशु गृह एवं बाल सुधार गृह की स्थापना एवं बाल कल्याण की विभिन्न योजनाओं की कियान्विति हेतु आदर्श केन्द्रों की स्थापना हेतु भूमि आवंटन प्रकरण कार्यकारी समिति के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर ने 5 बीघा भूमि खसरा संख्या 53 रकबा 56 बीघा 10 बिस्वा भूमि सूरपुरा में आंगणवा जाने वाली सडक पर मांग की है। यह मांग बाल सचिवालय के संचालन, शिशगृह एवं बाल सुधारगृह की स्थापना एवं बाल कल्याण की विभिन्न योजनाओं की कियान्विति हेतु आदर्श केन्द्रों की स्थापना बाबत की गयी है। अतः प्रकरण में निःशुल्क भूमि आवंटन के लिए प्रकरण राज्य सरकार को सक्षम स्वीकृति हेतु भिजवाया जावे।

प्रस्ताव संख्या 20 :: ग्राम पंचायत लवेरा खुर्द खसरा संख्या 734 तहसील बावडी ग्रम पंवायत भवन हेतु 1000 वर्ग मीटर भूमि आवंटन हेतु।

24.11.17

ग्राम पंचायत लवेरा खुर्द खसरा 734 तहसील बावड़ी ग्राम पचांयत भवन हेतु 1000 वर्गमीटर भूमि आवंटन हेतु पपत्र 'स' ग्राम सेवक/ पदेन सचिव एवं विकास अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

पटवारी की मौका रिपोर्ट अनुसार खसरा सं 734 ग्राम लवेरा खुर्द तहसील बावड़ी की किस्म गे मु दरड़ा प्राधिकरण के नाम दर्ज है।

आयोजना शाखा रिपोर्ट अनुसार मास्टर प्लान–2031 में यू–3 में पंचायत भवन हेतु अनुज्ञेय है।

अतः प्रकरण राज्य सरकार के निद्रेशानुसार 1000 वर्गमीटर ग्राम पंचायत लवेरा खुर्द खसरा 734 तहसील बावड़ी में पंवायत भवन हेतु निशुल्क आवंटन हेतु प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति में विचाराधीन एवं निणयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसील बावडी के ग्राम लवेराखुर्द खसरा संख्या 734 किस्म गैर मुमकिन दरड़ा पंचायत भवन हेतु 1000 वर्ग मीटर भूमि राज्य सरकार (नगरीय विकास विभाग) के आदेश कमांक एफ. 3 (55) नविवि/3/2002 दिनांक 25 नवम्बर, 2016 के बिन्दु संख्या–1 के तहत राजकीय विभागों को उनके कार्यालय हेतु 1000 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटन करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

प्रस्ताव संख्या 21 :: भूखण्ड संख्या 54 सेक्टर–सी मण्डलनाथ आवासीय योजना में ब्याज एवं शास्ती जमा कराने के संबंध में।

भूखण्ड स. 54 सेक्टर सी मण्डलनाथ आवासीय योजना का लॉटरी दिनांक 12.9.2015 को क्षेत्रफल 40 बाई 60 = 222.97 वर्गमीटर का श्री गणेश कुमार पुत्र श्री चुन्नीलाल को आवंटित हुआ था। प्रार्थी को आवंटन पत्र क्रमांक 1374 दिनांक 29.02.2016 को जारी किया जा चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एवं शास्ती जमा करा कर भूखण्ड बहाल करने का निवेदन किया है।

आवंटन पत्र 29.02.2016 को जारी किया जा चुका है। जो एक वर्ष 9 माह देरी हो चुकी है। भूखण्ड स्वतः ही निरस्त हो चुका हैं। नियमन/ बहाल हेतुः–:

90 दिवस से 1 वर्ष की अवधि सभापति (आयुक्त महोदय)
1 वर्ष से 2 वर्ष तक ऑर्थोरटी
2 वर्ष से अधिक की अवधि राज्य सरकार
नियमन/ बहाल में निम्न राशि वसूल करने का प्रावधान है।
6 माह तक 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ति
6 माह से अधिक 15 प्रतिशत व 10 प्रतिशत शास्ति

उक्त भूखण्ड की राशि 1 वर्ष 9 माह हो चुके है तथा 2 वर्ष के भीतर है। अतः भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एंव शास्ति वसूल किये जाने एंव भूखण्ड बहाल हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति मे प्रकरण रखा जाने हेतु वास्ते निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

24.11.17

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या 24 सेक्टर–सी मण्डलनाथ आवासीय योजना श्री गणेश कुमार पुत्र श्री चुन्नीलाल को आवंटित भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 29 फरवरी, 2016 को जारी किया गया था जिसकी राशि उनके द्वारा पहले जमा नहीं करवायी गयी। लिहाजा प्रकरण कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार का होने से नियमानुसार ब्याज व शास्ति वसूल करते हुए भूखण्ड को बहाल करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 22 :: भूखण्ड संख्या 55 सेक्टर–बी मण्डलनाथ आवासीय योजना में ब्याज एवं शास्ती जमा कराने के संबंध में।

भूखण्ड स. 55 सेक्टर बी मण्डलनाथ आवासीय योजना का लॉटरी दिनांक12.9.2015 को क्षेत्रफल 30 बाई 60 = 167.22 वर्गमीटर का श्री रामप्रसाद भील पुत्र श्री सायरा कुमार भील को आवंटित हुआ था। प्रार्थी को आवंटन पत्र क्रमांक 895 दिनांक 22.12.2015 को जारी किया जा चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एवं शास्ती जमा करा कर भूखण्ड बहाल करने का निवेदन किया है।

आवंटन पत्र 22.12.2015 को जारी किया जा चुका है। जो एक वर्ष 10 माह देरी हो चुकी है। भूखण्ड स्वतः ही निरस्त हो चुका हैं। नियमन/ बहाल हेतुः–:

90 दिवस से 1 वर्ष की अवधि सभापति (आयुक्त महोदय)

1 वर्ष से 2 वर्ष तक ऑथोरटी

2 वर्ष से अधिक की अवधि राज्य सरकार नियमन/000बहाल में निम्न राशि वसूल करने का प्रावधान है।

6 माह तक 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ति

6 माह से अधिक 15 प्रतिशत व 10 प्रतिशत शारित

उक्त भूखण्ड की राशि 1 वर्ष 10 माह हो चुके है तथा 2 वर्ष के भीतर है। अतः भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एंव शास्ति वसूल किये जाने एंव भूखण्ड बहाल हेतु प्राधिकरण की कार्यकारीसमिति मे प्रकरण रखा जाने हेतु वास्ते निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या 55 सेक्टर–सी मण्डलनाथ योजना में श्री राम प्रसाद भील पुत्र श्री सायरा कुमार भील को दिनांक 22 दिसम्बर, 2015 को आवंटन–पत्र जारी किया गया जिसकी राशि उनके द्वारा जमा नहीं करवायी गयी। अब राशि जमा करवाने के लिए अनुरोध किया गया है। लिहाजा प्रकरण कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार का होने से नियमानुसार ब्याज व शास्ति वसूल करते हुए भूखण्ड बहाल किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 23 :: भूखण्ड संख्या 208 सेक्टर–सी विज्ञान नगर आवासीय योजना में ब्याज एवं शास्ती जमा कराने के संबंध में।

भूखण्ड स. 208 सेक्टर सी विज्ञान नगर आवासीय योजना का लॉटरी दिनांक 20.10.2015 को क्षेत्रफल 25 बाई 50 = 116.13 वर्गमीटर का श्रीमति फाउड़ी देवी पत्नि रमेश चन्द्र सांखला को आवंटित हुआ था। प्रार्थी को आवंटन पत्र क्रमांक 317 दिनांक 13.1.2016 को जारी

24.11.17

किया जा चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एवं शास्ती जमा करा कर भूखण्ड बहाल करने का निवे दन किया है।

आवंटन पत्र 13.1.2016 को जारी किया जा चुका है। जो एक वर्ष 9 माह देरी हो चुकी है। भूखण्ड स्वतः ही निरस्त हो चुका हैं। नियमन/ बहाल हेतुः–:

90 दिवस से 1 वर्ष की अवधि सभापति (आयुक्त महोदय)
1 वर्ष से 2 वर्ष तक ऑर्थोरटी
2 वर्ष से अधिक की अवधि राज्य सरकार
नियमन/ बहाल में निम्न राशि वसूल करने का प्रावधान है।
6 माह तक 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ति
6 माह से अधिक 15 प्रतिशत व 10 प्रतिशत शास्ति

उक्त भूखण्ड की राशि 1 वर्ष 9 माह हो चुके है तथा 2 वर्ष के भीतर है। अतः भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एंव शास्ति वसूल किये जाने एंव भूखण्ड बहाल हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति मे प्रकरण रखा जाने हेतु वास्ते निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड स. 208 सेक्टर सी विज्ञान नगर आवासीय योजना दिनांक 13 जनवरी, 2016 को आवंटन–पत्र जारी किया गया जिसकी राशि उनके द्वारा जमा नहीं करवायी गयी। अब राशि जमा करवाने के लिए अनुरोध किया गया है। लिहाजा प्रकरण कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार का होने से नियमानुसार ब्याज व शास्ति वसूल करते हुए भूखण्ड बहाल किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 24 :: भूखण्ड संख्या 180 सेक्टर–बी विज्ञान नगर आवासीय योजना में ब्याज एवं शास्ती जमा कराने के संबंध में। श्री अभय रावत पुत्र श्री गोपाल लाल

भूखण्ड स. 180 सेक्टर सी विज्ञान नगर आवासीय योजना का लॉटरी दिनांक 20.10.2015 को क्षेत्रफल 15 बाई 30 = 41.81 वर्गमीटर का श्री अभय रावत पुत्र श्री गोपाल लाल राव को आवंटित हुआ था। प्रार्थी को आवंटन पत्र क्रमांक 1854 दिनांक 07.09.2016 को जारी किया जा चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एवं शास्ती जमा करा कर भूखण्ड बहाल करने का निवेदन किया है।

आवंटन पत्र 07.09.2016 को जारी किया जा चुका है। जो एक वर्ष 1 माह देरी हो चुकी है। भूखण्ड स्वतः ही निरस्त हो चुका हैं। नियमन/ बहाल हेतुः–:

90 दिवस से 1 वर्ष की अवधि सभापति (आयुक्त महोदय)
1 वर्ष से 2 वर्ष तक ऑर्थोरटी
2 वर्ष से अधिक की अवधि राज्य सरकार
नियमन/ बहाल मे निम्न राशि वसूल करने का प्रावधान है।
6 माह तक 15 प्रतिशत ब्याज व 5 प्रतिशत शास्ति
6 माह से अधिक 15 प्रतिशत व 10 प्रतिशत शास्ति

उक्त भूखण्ड की राशि 1 वर्ष 1 माह हो चुके है तथा 2 वर्ष के भीतर है। अतः भूखण्ड की बकाया राशि, ब्याज एंव शास्ति वसूल किये जाने एंव भूखण्ड बहाल हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति मे प्रकरण रखा जाने हेतु वास्ते निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

24.1.17

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भूखण्ड स. 180 सेक्टर सी विज्ञान नगर आवासीय योजना दिनांक 7 सितम्बर, 2016 को आवंटन–पत्र जारी किया गया जिसकी राशि उनके द्वारा जमा नहीं करवायी गयी। अब राशि जमा करवाने के लिए अनुरोध किया गया है। लिहाजा प्रकरण कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार का होने से नियमानुसार ब्याज व शास्ति वसूल करते हुए भूखण्ड बहाल किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 25 :: नवगठित ग्राम पंचायत पालडी मांगलिया में अटल सेवा केन्द्र हेतु खसरा नम्बर 117 में 1000 वर्ग मीटर भूमि आवंटन करने हेतु।

सरपंच ग्राम पंचायत पालड़ी मांगलिया द्वारा राजस्व ग्राम पालड़ी मांगलिया तहसील जोधपुर के खसरा न.117 किस्म गै.मु. भाकर रकबा 523.16 बीघा मे से ग्राम पचांयत भवन हेतु 1000 वर्गमीटर भूमि आवंटन हेतु प्रपत्र 'स' ग्राम सेवक/पदेन सचिव एवं विकास अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्तुत किया गया है।

पटवारी की मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम पालड़ी मागंलिया तहसील जोधपुर में स्थित खसरा न.117 की भूमि की किस्म गै. मु भाकर का नामांतरकरण स. 407 दिनांक 29.9.2017 द्वारा वर्तमान में जोधपुर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज है। राजस्व मानचित्र में प्रस्तावित अनुसार मौके पर भूमि खाली पाई गई है। उक्त भूमि ग्राम पचांयत द्वारा पंचायत भवन हेतु 1000 वर्गमीटर भूमि का आंवटन चाहा गया है।

आयोजना शाखा रिपोर्ट अनुसार खसरा सं 117 ग्राम पालड़ी मागंलिया तहसील जोधपुर की किस्म गै. मु भाकर रकबा 523.16 बीघा मे से 1000 वर्गमीटर भूमि ग्राम पंचायत भवन व अन्य राजकीय भवन हेतु भूमि की मांग की गयी है। इस खसरे का भू–उपयोग लैण्ड युज प्लान–2023 जोधपुरके अर्तगत परिधि नियंत्रण पट्टी के अन्तर्गत आरक्षित है।

अतः प्रकरण राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्व ग्राम पालड़ी मांगलिया के खसरा न. 117 मे से ग्राम पंचायत के प्रस्ताव अनुसार 1000 वर्गमीटर भूमि ग्राम पंचायत पालड़ी मांगलिया के पंचायत भवन हेतु नियमानुसार आवंटन हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति में उचित विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नवसृजित ग्राम पंचायत पालडी मांगलिया में अटल सेवा केन्द्र हेतु खसरा संख्या 117 तहसील जोधपुर राजस्व ग्राम पालडी कुल रकबा 523 बीघा में से 1000 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटन करने की स्वीकृति नगरीय विकास विभाग के आदेश कमांक प.3 (55) नविवि/3/2002 दिनांक 25 नवम्बर, 2016 के कम में प्रदान की जाती है। परन्तु चूंकि उक्त खसरान का भू–उपयोग लैण्ड यूज प्लान–2023 के अन्तर्गत परिधि नियंत्रण पट्टी के अन्तर्गत आरक्षित है एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश कमांक एफ.10 (35) यूडीएच/ 3/2010 पार्ट दिनांक 20 जुलाई, 2017 के अनुसार के अनुसार व्यापक जनहित के मामले में भू–उपयोग परिवर्तन अनुज्ञेय है जिसके बिन्दु संख्या–1 में केन्द्र/राज्य सरकार के कार्यालय भी आते हैं। लिहाजा उक्त प्रकरण में भू–उपयोग परिवर्तन की अनुशंषा करते हुए प्रकरण निःशुल्क आवंटन की स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भिजवाया जावे।

प्रस्ताव संख्या 26 :: ग्राम कुडी भगतासनी के खसरा संख्या 6 रकबा 24 बीघा 11 विस्वा की डुप्लीकेट पत्रावली के संधारण के संबंध में।

24.11.17

